तू रहना सदा मेरे पास सांवरे

तेरा दास करे अरदास सँवारे,
तू रहना सदा मेरे पास सँवारे,

दिल की हर धड़कन में प्यारे तेरा नाम समाया,
भीड़ पड़ी जब भी मुझपर तू पल में दौड़ा आया,
तू करना ना मुझको निराश सँवारे,
तू रहना सदा मेरे पास सँवारे,

खुद पर हक भी नहीं है बाबा तन मन सब है तुम्हारा,
जिस पर हक़ है मेरा प्यारे वो तो श्याम हमारा,
मेरे जीवन का हिस्सा तू ख़ास सँवारे,
तू रहना सदा मेरे पास सँवारे,

अब तुझ बिन इक पल भी बाबा न रह पाऊंगा,
नजर कर्म की नहीं करोगी तो मैं मर जाऊँगा,
तुझे सौंप दी हमने हर सांस सँवारे,
तू रहना सदा मेरे पास सँवारे,

दास विनायक लिख कर बाबा अर्जी तुझे लगाए,
सास बिना रह सकते बाबा तुझबीण रह न पाए,
मुझे तुझपे है पूरा विस्वाश सँवारे,
तू रहना सदा मेरे पास सँवारे,

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw